# बिहार शहरी आधारभूत संरचना विकास निगम लि०

## Bihar Urban Infrastructure Development Corporation Ltd.

(A Govt. of Bihar Undertaking)

राजापुर पुल, पश्चिम बोरिंग कैनाल रोड, पटना – 800001 / Rajapur Pul, West Boring Canal Road, Patna-800001

E-mail: - mdbuidco@gmail.com, Website : http://buidco.in

CIN – U45200BR2009SGC014600

BUIDCo Building Better Tomorrow

ISO 9001:2008, 14001:2004


पत्रांक–*बुडको / यो०–2472 / 22* पटना, दिनांक

प्रेषक,

**मुख्य महाप्रबंधक,**
बुडको, पटना।,

सेवा में,

**Jainam Engicon Private Limited,**
315, 3rd Floor, Silver Stone Arcade,
Singanpore Causway Road,
Katargam, Surat, Gujarat-395004.

**विषयः– डिबार करने के संबंध में।**

महाशय,

उपरोक्त विषय के संबंध में कहना है कि बिहार शहरी आधारभूत संरचना विकास निगम लि० के अन्तर्गत Construction of Comprehensive Storm Water Drainage Systems in Patna Nagar Nigam, Khagaul, Danapur, Phulwarisharif and Adjoining Area of Catchment –2, 3, 4, 5, 6 & 9 कार्य के निविदा (NIT No-BUIDCo/Yo-2473/22 (Part-2)-45 dt. 08.11.2022) में आपके द्वारा भाग लिया गया था।

आपके द्वारा इस निविदा में अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका कुशलगढ़, जिला–बाँसवाड़ा, राजस्थान द्वारा निर्गत अनुभव प्रमाण–पत्र संलग्न किया गया था, जिसका Ref–के०एन०पी० / 22–23 / 2922, दिनांक–20.09.2022 है।

बुडको के पत्रांक–646, दिनांक–09.02.2023 के माध्यम से उक्त अनुभव प्रमाण–पत्र को सत्यापन हेतु कार्यपालक अभियंता, कार्यालय नगरपालिका कुशलगढ़, जिला–बांसवाड़ा (राजस्थान), पिन–327801 को दिनांक–09.02.2023 को ई–मेल के माध्यम से भेजा गया था। दिनांक–13.02.2023 को ई–मेल के माध्यम से अधिशाषी अधिकारी, कार्यालय नगरपालिका कुशलगढ़, जिला बाँसवाड़ा, राजस्थान के पत्रांक–2104, दिनांक–13.02.2023 द्वारा सूचित किया गया कि निविदा में संलग्न अनुभव प्रमाण–पत्र उनके कार्यालय से निर्गत नहीं है।

उक्त पत्र के आलोक में बुडको के पत्रांक–1367, दिनांक–20.03.2023 से आपसे स्पष्टीकरण की माँग की गई, परन्तु आपके द्वारा कोई जवाब नहीं दिया गया। इसी क्रम में अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका कुशलगढ़ द्वारा पत्रांक–3364, दिनांक–27.03.2023 (ई–मेल से प्राप्त) के माध्यम से प्रतिवेदित किया गया कि संवेदक के नाम में परिवर्तन होने के कारण Jainam Engicon Limited पहले (Jainam Construction) की त्रुटि पैदा हुई और उक्त वर्णित पत्र निर्गत किया गया, जिसको अब रद्द माना जाए। इस पत्र में प्रतिवेदित था कि उक्त प्रमाण–पत्र कार्यालय नगर पालिका कुशलगढ़, जिला बांसवाड़ा से निर्गत है।

अधिशाषी अधिकारी, कार्यालय नगरपालिका कुशलगढ़, जिला बाँसवाड़ा, राजस्थान के पत्रांक–3364, दिनांक–27.03.2023 में संवेदक का नाम Jainam Engicon Limited अंकित है तथा पत्रांक–के०एन०पी० / 22–23 / 2922, दिनांक–20.09.2022 में जैनम Engicon Private Limited अंकित है। उक्त संदर्भ में बुडको के पत्रांक–1639, दिनांक–05.04.2023 से अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका कुशलगढ़ से सुपष्ट मंतव्य के साथ जाँच प्रतिवेदन की मांग की गई।

उक्त के आलोक में नगरपालिका कुशलगढ़ द्वारा दिनांक–21.08.2023 को ई–मेल के माध्यम से उनके पत्रांक–1133, दिनांक–18.08.2023 द्वारा जाँच प्रतिवेदन उपलब्ध कराया गया है। इस प्रतिवेदन में अंकित है कि बुडको के पत्रांक–646, दिनांक–09.02.2023 द्वारा वांछित सत्यापन प्रतिवेदन के आलोक में Jainam Engicon Private Limited द्वारा निविदा में समर्पित नगरपालिका, कुशलगढ़ का पत्रांक–के०एन०पी० / 22–23 / 2922, दिनांक–20.09.2022 का सत्यापन किया जाना था। उक्त सत्यापन के संबंध में वहाँ के संविदाकर्मी श्री बुद्धिलाल शाह द्वारा पालिका पत्र क्रमांक–2104, दिनांक–13.02.2023 से बुडको को पत्र प्रेषित किया गया है। Jainam Engicon Private Limited द्वारा नाम में संशोधन कर श्री बुद्धिलाल शाह का जाली हस्ताक्षर करके पालिका के पत्र क्रमांक–3364, दिनांक–27.03.2023 से सत्यापन कर बुडको को भेजा गया।

P.T.O

उक्त वर्णित तथ्यों से स्पष्ट है कि निविदाकार Jainam Engicon Private Limited द्वारा उपरोक्त सभी निविदाओं में जाली प्रमाण–पत्र संलग्न किया गया तथा इसके सत्यापन के क्रम में भी जालसाजी की गई।

अतः Jainam Engicon Private Limited, 315, 3rd Floor, Silver Stone Arcade, Singanpore Causway Road, Katargam, Surat, Gujarat-395004 के विरूद्ध पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के कार्यालय आदेश संख्या–154 सह पठित ज्ञापांक–5403 (S) दिनांक–18.06.2015 एवं नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–926, दिनांक–23.07.2018 के आलोक में निम्नांकित कार्रवाई संसूचित की जाती हैः–

1) Jainam Engicon Private Limited का उक्त निविदाओं से संबंधित EMD जब्त किया जाता है।
2) Jainam Engicon Private Limited को अगले 10 (दस) वर्षों के लिये आगामी सभी निविदाओं में भाग लेने से वंचित (Debar) किया जाता है।

विश्वासभाजन,

ह0/–
**मुख्य महाप्रबंधक,**
बुडको, पटना।

ज्ञापांकः– पटना, दिनांकः–

प्रतिलिपिः–**अधिशाषी अधिकारी,** कार्यालय नगरपालिका कुशलगढ़, जिला–बांसवाड़ा (राज०)–327801, ई–मेल आई०डी०–nagarpalikakushalgarh@yahoo.com को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
**मुख्य महाप्रबंधक,**

ज्ञापांकः– पटना, दिनांकः–

प्रतिलिपिः–**प्रधान सचिव / सचिव / अभियंता प्रमुख,** जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना / पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना / ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना / भवन निर्माण विभाग, बिहार / जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना / लघु जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना / योजना एवं विकास विभाग, बिहार, पटना / नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार, पटना / प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम, बिहार, पटना / बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
**मुख्य महाप्रबंधक,**

ज्ञापांकः– पटना, दिनांकः–

प्रतिलिपिः–**सभी महाप्रबंधक,** बुडको, पटना / **सभी परियोजना निदेशक,** बुडको, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
**मुख्य महाप्रबंधक,**

ज्ञापांकः– 4961 पटना, दिनांकः– 13/10/23

प्रतिलिपिः–**प्रबंधक (आई०टी०),** बुडको, पटना को बुडको वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

13/10/2023
**मुख्य महाप्रबंधक,**